Regarding implementation of Rivers Linking Project-laid

श्री दिलीप शइकीया **(दारंग-उदालगुड़ी) :** मैं केंद्र सरकार का ध्यान पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के द्वारा नदियों से नदियों को जोड़ने वाली एक महत्वकांक्षी परियोजना की तरफ आकर्षित करना चाहूँगा । इस महत्वकांक्षी परियोजना के द्वारा देश में लगभग 3000 भंडारण बाँधों के नेटवर्क के माध्यम से देश भर में 37 नदियों को जोड़ने के लिये 30 लिंक शामिल करने का उद्देश्य था । इसका लक्ष्य भविष्य में देश की पानी की ज़रूरतों को पूरा करना है । जल संसाधन मंत्रालय की ओर से भी कई बार संसद में यह कहा जा चुका है कि देश में जल प्रबंधन हेतु नदियों को आपस में जोड़ना महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है । इसी के मद्देनज़र जल-अधिशेष वाले बेसिन से जल की कमी वाले बेसिन में पानी स्थानांतरित करने के लिये अगस्त 1980 में राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना (NPP) भी तैयार की जा चुकी है । मैं केंद्र सरकार से अनुरोध करता हूँ कि उत्तर-पूर्वी भारत को बाढ़ से बचाने और देश में जल के समान वितरण को ध्यान में रखते हुए नदियों से नदियों को जोड़ने वाली परियोजना के पुन: क्रियान्वन की दिशा में ठोस कदम उठाये जाए ।